तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **नाथू सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353054723039548	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
31/07/25	अपीलार्थी नाथू सिंह निवासी पंचायत भवन के पास, मैन रोड़ साथीन, पीपाड़ शहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 08.07.2025 को भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा जिला रसद अधिकारी द्वितीय जोधपुर ग्रामीण को जो राशि (रूपये) सरकार से प्राप्त होती हैं उस राशि को जिला रसद अधिकारी द्वारा गेहू वितरण करने वाले उचित मूल्य की दुकान संचालित करने वाली कम्पनी /मैसर्स/समिति के खाते में स्थानांतरण की जाती हैं तथा जिला रसद अधिकारी द्वितीय द्वारा वर्ष 2018–19 से आपके जवाव लिखे जाने तक कुल कितनी राशि प्राप्त हुई उस राशि का सम्पूर्ण प्रमाणित प्रतिलिपियां एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.31 17:01:01 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16910886